संजीव कुमार, आई.ओ.एफ.एस.
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Sanjiv Kumar, I.O.F.S.
Chairman and Managing Director
दूरभाष संख्या / Phone No. 0135-2780427(O)
फैक्स संख्या / Fax No. 0135-2787305
E-mail : sanjivkumar@ord.gov.in

इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय
(ओफिल, कैंपस) रायपुर, देहरादून–248008
उत्तराखंड
India Optel Limited
A Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence
(OFIL, Campus) Raipur, Dehradun-248008
Uttrakhand

# नव वर्ष का शुभकामना संदेश

प्रिय साथियों,

वर्ष 2023 में प्रवेश करते हुए, मुझे आपके साथ पिछले एक वर्ष में सार्थक सहयोग और विकास की यात्रा साझा करने में बहुत खुशी और गर्व हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष से गति पकड़ते हुए, आई.ओ.एल. ने रक्षा उद्योग जगत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और हमारे विकास के संबंध में सभी आशंकाए और भय दूर हो गये।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अब तक निर्गत मूल्य ₹640 करोड़ रहा है और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक वी.ओ.आई. ₹1050 करोड़ होने की उम्मीद है। उत्पादन में यह वृद्धि आईओएल के सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, त्याग और कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं थी। हमारे अस्तित्व के पहले छह महीनों में, एक कॉर्पोरेट इकाई के रूप में हम ₹60 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ का आंकड़ा हासिल करने में सफल रहे हैं। इस तरह के आंकड़े जहां निश्चित रूप से हमारे मनोबल को बढ़ाते हैं वहीं भविष्य के प्रति अधिक जिम्मेदार और सचेत भी महसूस कराते हैं।

वर्ष 2022 अवसरों का वर्ष रहा है और हमें अपनी ताकत दिखाने के कई मौके मिले हैं। Defexpo 2022 में, आई.ओ.एल. उत्पादों को सभी घरेलू ग्राहकों के साथ-साथ संभावित अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों द्वारा सराहा गया। अपनी क्षमताओं और विकास को बढ़ाने के लिए 7 एम.ओ.यू. में प्रवेश करके आई.ओ.एल. ने एक नए युग मे प्रवेश किया है।

₹8332 करोड़ मूल्य की सुनिश्चित आर्डर बुक के साथ अगले पांच वर्षो के लिए हम सभी अपार संभावनाओं से भरे भविष्य के विकास के मुहाने पर हैं। डी.आर.डी.ओ., आई.आई.टी. और उद्योग भागीदारों के सहयोग से निरंतर आर.एंड डी. के साथ प्रगति उल्लेखनीय रही है। डी.डी.पी. हमें पर्याप्त कैपेक्स फंड आबंटित करके इस प्रयास का समर्थन करने में बहुत उदार रहा है। टी-90 टैंक के लिये **एल.आर.एफ.** के साथ **कमांडर थर्मल इमेजर कम डे विजन** का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। **बीएमपी-II** के लिए विकसित **ड्राईवर नाइट साइट** भारत मे **थर्मल इमेजिंग** पर आधारित पहली **नाईट साईट** होगी जिसके लिये भारतीय सेना ने पहले ही 500 नग की खरीद शुरू कर दी है। असॉल्ट राईफल के लिए हमारी टेलीस्कोपिक साईट सभी तकनीकी आवश्यक्ताओं/परीक्षणों को पूरा करने वाली एकमात्र साईट है और आर्डर प्राप्ति हेतु अंतिम चरण में विचाराधीन है।

क्रमशः.....2

वेतन और भत्तों का समय पर भुगतान, पी.एल.बी. , कर्मचारी उत्पादकता और हमारे सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों अर्थात मानव संसाधन के कल्याण से संबंधित सभी मामलों का ध्यान बिना किसी चिंता के रखा गया है। इसके अलावा, जनशक्ति युक्तिकरण, बहु कौशल, विशेष संलग्नक, प्रशिक्षण केंद्रित मानव संसाधनों के उचित और प्रभावी उपयोग की दिशा में कदम हैं। **"संचार ही कुंजी है"** और **"आइडिया मैराथन"** ऐसी पहल हैं जिन्होंने एक सार्थक जुड़ाव के लिए परिणाम देना शुरू कर दिया है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आई.ओ.एल. की स्थापना के बाद से हमें नई भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की चुनौतियां का सामना करना पड़ा है। एक कार्पोरेट इकाई के लिए लागू होने वाले नए अनुपालन, वैधानिक नियम अपनाये गये और हमारे मानव संसाधनों पर लागू किये गये जैसे विशेषज्ञ जनशक्ति (सी.एस. , सी.ए. , वित्त सहायक आदि) को शामिल करना। यह गर्व की बात है कि हम सभी एक **"Team IOL"** के रूप में आज **"Soldier's Eye"** बनने हेतु प्रतिबद्ध एक समर्पित निर्माण इकाई के रूप में खड़े हैं।

प्रिय साथियों, **ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार व्यवसाय में एक विश्व स्तरीय उद्यम** होने के हमारे सपने को पूरा करने की यात्रा सही दिशा में शुरू हुई है और मुझे विश्वास है कि वर्ष 2023 रक्षा बाजार में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा। इस वित्तीय वर्ष की अंतिम यात्रा को जारी रखने के लिए अधिक सक्रिय और केंद्रित दृष्टिकोण की मांग है।

चूंकि टीम आई.ओ.एल. को बनाए रखने के लिए मानव संसाधन सबसे महत्वपूर्ण है, मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि संभावित कोविड मामलों में वृद्धि को देखते हुए सावधानी बरतें। आशा है कि आप सभी और परिवार के सदस्यों को एहतियाती खुराक दी गई होगी। जिन लोगों ने नहीं लगवाई है वे जल्द से जल्द ऐसा करें अथवा किसी सुविधा के लिए निर्माणी प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं।

एक बार फिर से आप और आपके परिवार के नव वर्ष 2023 में सुखी और स्वस्थ रहने की कामना करता हूं।

जय हिन्द।

दिनांक : 02/01/2023

(संजीव कुमार)